मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-424
02/10/2022

मुख्यमंत्री ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 153वीं जयंती के अवसर पर उनकी आदमकद प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

पटना, 02 अक्टूबर 2022 :– राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 153वीं जयंती के अवसर पर मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने पटना के गॉधी मैदान स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की विशाल आदमकद प्रतिमा/चित्र पर माल्यार्पण किया और उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व का स्मरण किया। मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने उनके आदर्शों को जीवन में उतारने का संकल्प भी लिया।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री तेजस्वी प्रसाद यादव, वित्त मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, शिक्षा मंत्री श्री चन्द्रशेखर, परिवहन मंत्री श्रीमती शीला कुमारी, विधान पार्षद श्रीमती कुमुद वर्मा, विधान पार्षद श्री संजय कुमार सिंह उर्फ गांधीजी, विधान पार्षद श्री रविन्द्र सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ0 एस0 सिद्धार्थ सहित अनेक सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपिता महात्मा गॉधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें शत्–शत् नमन किया एवं श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर सूचना जन–सम्पर्क विभाग द्वारा आरती पूजन, भजन, कीर्तन, बिहार गीत एवं देशभक्ति गीतों का गायन भी किया गया।

माल्यार्पण के पश्चात् पत्रकारों से बात करते हुये मुख्यमंत्री ने कहा कि आज बापू की जयंती है इस अवसर पर हम लोग यहां आते हैं। विशेषज्ञों से राय लेकर हमलोगों ने पटना के गांधी मैदान में ही बापू की विशाल प्रतिमा स्थापित करवाई है। इस प्रतिमा में बापू द्वारा बच्चा और बच्ची को आशीर्वाद देते दिखाया गया है। यहां आकर मुझे अच्छा लगता है। हमलोग बापू के विचारों को अपनाकर जीवन में आगे बढ़ रहे हैं। लोकनायक जयप्रकाश नारायण जी की जयंती पर केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह के बिहार आगमन को लेकर पत्रकारों द्वारा पूछे गए सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सबको कहीं भी जाने का अधिकार है। आपलोग भी जाकर देख लीजिए कि हमलोगों ने लोकनायक जयप्रकाश नारायण जी की जगह को किस तरह से विकसित किया है। किसानों को सम्मानित किए जाने से संबंधित पूछे गए प्रश्न के जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा कि हमलोग किसानों को हमेशा से सम्मान देते आ रहे हैं।

******